राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक एवं हिंदी पखवाडा-2024 का पुरस्कार वितरण

ईपीआई – राजभाषा अनुभाग
कॉर्पोरेट कार्यालय

डीएलआई/राजभाषा–01

04 मार्च, 2025

विषय – **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक एवं हिंदी पखवाडा–2024 का पुरस्कार वितरण**

भारतीय लोकतंत्र प्रणाली के संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में ग्रहण किया गया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम प्रकाशित किया जाता है, जिसमें राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) तथा राजभाषा नियम 1976 में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी दिशा निर्देशों का उल्लेख किया जाता है, साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों के उपक्रमों, निकायों तथा संस्थानों के लिए राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के प्रचार–प्रसार को और अधिक बढावा देने के लिए ईपीआई कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है तथा प्रत्येक तिमाही में किए गए राजभाषा कार्यान्वयन पर चर्चा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हिंदी पखवाडा समारोह–2024 के अंतर्गत राजभाषा हिंदी को बढावा देने के उद्धेश्य से दिनांक 04 मार्च, 2025 (मंगलवार) को प्रातः 10.30 बजे माननीय श्री एस. हसन, समूह महा प्रबंधक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक का आयोजन ईपीआई, कोर–3, स्कोप कॉम्प्लैक्स के सम्मेलन कक्ष में किया गया।

इस बैठक में हिंदी पखवाडा–2024 का पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों को प्रमाणपत्र गृहं मंत्रालय के राजभाषा विभाग, हिंदी सलाहकार समिति सदस्य माननीय श्री राजेश मुनोत तथा श्री दीपक कुमार द्वारा प्रदान किए गए। तदोपरांत आमंत्रित वक्ता द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस बैठक में हिंदी पखवाडा–2024 के पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन को गति देने के लिए पत्र, टिप्पणियों पर हिंदी में हस्ताक्षर करने से राजभाषा हिंदी को बढावा दिया जा सकता है। इसी के साथ हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में देना अनिवार्य है जिससे कि राजभाषा नियमों का पालन किया जा सकता है। राजभाषा हिंदी को बढावा देने के लिए आधुनिक युग में कंप्यूटर में हिंदी का प्रयोग जैसा कि ई–मेंल, ई–फाइल में करने पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। इस पर बैठक पर सर्वसम्मति से हिंदी को बढावा देने का आश्वासन समस्त विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया। बैठक का संचालन राजभाषा प्रभाग से डॉ. अहीर प्रभुनाथ, कार्यकारी (एसजी) (राजभाषा) ने किया तथा समन्वय कार्य श्रीमती तबस्सुंम खान, कार्यकारी (एसजी) (राजभाषा) द्वारा किया गया।

राजभाषा प्रभाग की ओर से बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। हिंदी पखवाडे का पुरस्कार वितरण तथा हिंदी कार्यशाला का आयोजन अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निदेशानुसार तथा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. मनीष शंकरराव गवई जी के नेतृत्व में आयोजित की गई।

- राजभाषा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय